दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 210 मुरादाबाद, 20 November 2023 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 ' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## संक्षिप्त समाचार



### अमिताभ बच्चन ने टीम इंडिया को दी शुभकामनाएं, फाइनल जीत के लिए ऐसे बढ़ाया हौसला

भारतीय क्रिकेट टीम के हाथ में विश्व कप देखने का हर किसी को इंतजार है। आज 19 नवंबर को इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मैच खेला जाना है। हाल ही में इस मैच के शुरू होने से पहले अमिताभ बच्चन ने टीम इंडिया का खास अंदाज में हौसला बढ़ाया। जिस पल का सबको इंतजार था, वो पल फाइनली आ चुका है। आज यानी कि 19 नवंबर को इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल खेला जाने वाला है। अब से बस कुछ ही समय में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप का फाइनल खेला जाएगा।इस मैच को देखने के लिए-लिए बड़े-बड़े लोग इस स्टेडियम में मौजूद होंगे। भारत की जीत की कामना हर हिंदुस्तानी कर रहा है। ऐसे में बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन ने भी टीम इंडिया को शुभकामनाएं देते हुए एक ऐसी कविता पेश की है, जो निश्चित तौर पर आपका दिल जीत लेगी।कौन बनेगा करोड़पति के सेट से अमिताभ बच्चन के इस वीडियो को सोनी टीवी ने अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया है। इस वीडियो में बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और उनकी टीम को शुभकामनाएं देते हुए एक कविता कही।बिग बी ने कहा, 卐प्रिय रोहित और टीम इंडिया, आज वो दिन है, जिस दिन के लिए आपने और आपकी टीम ने कई सालों से मेहनत की है। आपके साथ-साथ इस देश ने इस खास दिन का इंतजार किया है। हम सब मिलकर टीम के हर सदस्य को यही कहना चाहेंगे कि जब आज आप मैदान में होंगे, तो आपके साथ-साथ 140 करोड़ देशवासी भी होंगे।अमिताभ बच्चन ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, 卐आज मैदान में आपके 11 साथियों के साथ देशवासियों की सांसें भी शामिल होगी। जोश आपके साथ दौड़ेगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा एक लाख से अधिक लोगों तक पहुंची, पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

वीबीएसवाई ने कृषि क्षेत्र में विकास से जुड़ा प्रदर्शन किया। 120 से अधिक ड्रोन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया, इसके साथ ही प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के साथ भी रचनात्मक संवाद हुआ।%विकसित भारत संकल्प यात्रा% (वीबीएसवाई) पहले दिन देशभर की 259 ग्राम पंचायतों में एक लाख से अधिक लोगों तक पहुंची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को झारखंड के खूंटी से अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इसके तहत देशभर में जनजातीय आबादी वाले विभिन्न स्थानों से एक ही समय वैनों को रवाना किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे



में जागरूकता फैलाना एवं प्रमुख सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। यात्रा के पहले ही दिन 21,000 से अधिक लोगों ने पीएम उज्ज्वला योजना के लिए पंजीकरण कराया। इस दौरान 1200 से अधिक माई भारत स्वयंसेवकों के पंजीकरण कराने के साथ-साथ 80,000 से अधिक लोगों ने विकसित भारत की प्रतिज्ञा ली। लोग वीबीएसवाई आईईसी वैन की ओर उमड़ पड़े और इस दौरान आयोजित गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और मौके पर प्रदान की गई सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविरों में 16,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिनमें 6,000 से अधिक लोगों की टीबी के लिए और 4500 से अधिक लोगों की सिकल सेल रोग के लिए जांच की गई।

### 120 से अधिक ड्रोन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का प्रदर्शन

वीबीएसवाई ने कृषि क्षेत्र में विकास से जुड़ा प्रदर्शन किया। 120 से अधिक ड्रोन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया, इसके साथ ही प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के साथ भी रचनात्मक संवाद हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रमुख सरकारी योजनाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। इस यात्रा के दौरान मेरी कहानी, मेरी जुबानी के तहत व्यक्तिगत सफलता की गाथाओं को भी शामिल किया गया।

## टेढ़ी पुलिया चौराहा अब खालसा चौक : सीएम योगी बोले- देश-धर्म की रक्षा की प्रेरणा देता है सिख गुरुओं का बलिदान

लखनऊ का टेढ़ी पुलिया चौराहा अब खालसा चौक के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकार्पण किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आलमबाग में खालसा चौक का लोकार्पण किया। टेढ़ी पुलिया के नाम से जाना जाने वाला यह चौराहा अब खालसा चौक के नाम से जाना जाएगा। इस दौरान उन्होंने लोगों को बधाई देते हुए इशारों-इशारों में सपा सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित होने वाली इफ्तार पार्टी पर कटाक्ष किया।उन्होंने कहा कि उनसे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय में अन्य तरह के आयोजन होते थे। वहीं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय में गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व का भव्य आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिख धर्म के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिन्द सिंह जी के ज्योति ज्योत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित




कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि गुरू गोविंद सिंह महाराज ने विदेशी आक्रांताओं से भारत के धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस पंथ ने मातृभूमि की रक्षा में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान हम सबको देश और धर्म की रक्षा की प्रेरणा प्रदान करता है। सीएम योगी ने कहा कि सिख गुरुओं का इतिहास हमें भारत की गौरवशाली विजयगाथा का स्मरण कराता है। उन्होंने सिख समाज के त्याग, बलिदान परंपरा, धर्म के प्रति समर्पण और समाज के प्रति सेवाभाव को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में हम लोगों को अनेक कार्यक्रमों में सहभागी बनने का अवसर प्राप्त होगा। 24 नवंबर को ही गुरु तेग बहादुर जी का पावन शहीदी दिवस, 27 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के दिन गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व और 26 दिसंबर बीरबाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सबको अपने इतिहास पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यमंत्री परमिंदर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान राजेन्द्र सिंह बग्गा, प्रधान गुरुद्वारा शंकरनगर आलमबाग के प्रधान सरदार मनमोहन सिंह सेठी समेत सिख समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

## राहुल गांधी ने की महिलाओं को 10 हजार रुपये देने की घोषणा, बोले- दोबारा सरकार बनते ही करेंगे ये काम

राहुल गांधी ने रैली में भाजपा पर आरोप लगाया कि वह दो हिंदुस्तान बनाना चाहती है एक अदाणी के लिए और दूसरा गरीबों के लिए। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए पीएम मोदी जाति जनगणना नहीं कराएंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दौसा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बड़ी घोषणा की। राहुल ने कहा कि कांग्रेस अगर दौबारा राजस्थान में सरकार बनाती है तो वो



महिलाओं के बैंक खातों में प्रति वर्ष 10,000 रुपये ट्रांसफर करेगी।राहुल ने इसी के साथ कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सिलेंडर 500 रुपये का होगा। राहुल ने कहा कि हमने पूरे राजस्थान में अंग्रेजी स्कूल बनाए हैं और वो काम आगे भी जारी रहेगा।

राहुल ने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने पुरानी पेंशन योजना रद्द कर दी, लेकिन हमने इसे राजस्थान में लागू कर दिया है, जिससे लाखों लोगों को फायदा हुआ।राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन पर कारोबारी गौतम अदाणी के लिए चौबीसों घंटे काम करने का आरोप लगाया। रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री को भारत माता की जय के बजाय अदाणी जी की जय कहना चाहिए, क्योंकि वह उनके लिए काम करते हैं।उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर ही भारत माता हैं और भारत माता की जय तब होगी जब देश में इन वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। जाति जनगणना का उठाया मुद्दा-राहुल गांधी ने भाजपा पर यह भी आरोप लगाया कि वह दो हिंदुस्तान बनाना चाहती है, एक अडानी के लिए और दूसरा गरीबों के लिए। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, पीएम मोदी जाति जनगणना नहीं कराएंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी कर सकती है।

## साबित हुआ तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा, कुमारस्वामी के आरोपों पर बोले मुख्यमंत्री सिद्धारमैया

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पलटवार करते हुए कहा कुमारस्वामी उस पैसे के बारे में बोल रहे हैं जो उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान तबादलों के लिए लिए थे। हमारे कार्यकाल में हमने कोई पैसा नहीं लिया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को कहा कि सरकारी अधिकारियों के तबादले के एक भी मामले में अगर यह साबित हो जाता है कि उन्होंने पैसे लिए हैं तो वह राजीनति से संन्यास ले लेंगे। दरअसल, जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी ने उन पर और उनके बेटे पर तबादले के बदले पैसे का रैकेट चलाने का आरोप लगाया है। सिद्धारमैया की टिप्पणी इन्हीं आरोपों पर सामने आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के तबादले के बदले पैसे लेने के मामले कुमारस्वामी के कार्यकाल के दौरान हुए। कुमारस्वामी के हमलों के जवाब में सिद्धारमैया ने कहा, मैंने आपसे कहा है कि इसके (कुमारस्वामी के आरोप) बारे में न पूछें। क्या मैंने पहले ही इसका जवाब नहीं दिया है? उन्हें कई बार ट्वीट (एक्स पर पोस्ट) करने दें। वह बता रहे हैं कि उन्होंने (मुख्यमंत्री के रूप में) अपने कार्यकाल के दौरान क्या किया। मुख्यमंत्री ने कहा,



वह (कुमारस्वामी) उस पैसे के बारे में बोल रहे हैं जो उन्होंने (कुमारस्वामी और जेडीएस नेताओं ने) अपने कार्यकाल के दौरान तबादलों के लिए लिए थे। हमारे कार्यकाल में हमने कोई पैसा नहीं लिया है। मैं पहले ही कह चुका हूं कि अगर यह साबित हो जाता है कि मैंने ट्रांसफर के एक भी मामले में पैसा लिया है तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। उन्होंने कहा, उन्हें सौ बार ट्वीट करने दीजिए, मैं जवाब नहीं देना चाहता। कुमारस्वामी ने हाल ही में यतींद्र और सिद्धारमैया के बीच फोन पर हुई बातचीत को जोड़ने की कोशिश की थी, जिसे सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित किया गया था, जिसमें पोस्टिंग/ट्रांसफर के लिए नकदी घोटाले का आरोप लगाया गया था। हालांकि, मुख्यमंत्री और उनके बेटे ने इस आरोप को सही तरीके से खारिज कर दिया है। अपना हमला जारी रखते हुए कुमारस्वामी ने यहां तक आरोप लगाया कि एक अधिकारी, जिसके नाम का जिक्र मुख्यमंत्री और उनके बेटे के बीच फोन पर बातचीत में किया गया था, हाल ही में जारी पुलिस निरीक्षकों की तबादले की सूची में शामिल था। यतींद्र पर सुपर मुख्यमंत्री की तरह काम करने का आरोप लगाते हुए जद (एस) नेता ने एक वीडियो क्लिप को लेकर सिद्धारमैया के इस्तीफे की मांग भी की थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर एक्स पर कई पोस्ट में सिद्धरमैया पर आरोप लगाया कि वह मैसूर जिले में अपने वरुणा निर्वाचन क्षेत्र को अपने बेटे यतींद्र को आउटसोर्स कर रहे हैं।

## यूपी में दर्दनाक हादसा: उन्नाव में करंट से चार भाई-बहनों की मौत, पंखा गिरने से हुई घटना, घर पर अकेले थे मासूम

उन्नाव जिले में बारासगवर थाना क्षेत्र के लालमन खेड़ा गांव में पंखे का करंट लगने से चार मासूम बच्चों की मौत हो गई।

चारों आपस में भाई बहन थे और घटना के समय चारों घर पर अकेले थे। उनके माता-पिता खेत में धान की फसल काटने गए थे। देर शाम खेत से लौटकर दंपती घर पहुंचे, तो चारों एक दूसरे पर पड़े थे और उनके ऊपर पंखा (टेबल फैन) गिरा पड़ा था। सभी बच्चों की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है। लालमन




खेड़ा गांव निवासी किसान वीरेंद्र पासी, पत्नी के साथ खेत में धान की फसल काटने गए थे। घर में बच्चों में मयंक (9), बेटी हिमांशी (8), हिमांशु (6) और मांशी (4) थे। देर शाम खेत से लौटकर दंपती घर पहुंचे, तो चारों एक दूसरे पर पड़े थे और उनके ऊपर पंखा (टेबल फैन) गिरा पड़ा था। सभी बच्चों की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है।

## दादा ने एक साल के मासूम पौत्र को पिलाई शराब, विरोध पर बहू को घर से निकाला; पति भी देता उन्हीं का साथ

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में दादा ने अपने एक साल के अबोध पौत्र को शराब पिलाई। शराब पीने के बाद मासूम बेहोश हो गया। जानकारी होने के बाद बहू घबरा गई। विरोध किया तो ससुरालीजन ने उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। मैनपुरी में दादा ने एक साल के मासूम पौत्र को शराब पिलाई। विरोध करने पर बहू को घर से निकाल दिया। पति भी घरवालों का साथ देता है।

कुर्रा थाना क्षेत्र के मढ़ी कुसमा खेड़ा निवासी शांती देवी ने थाने में तहरीर दी। पुलिस को बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले हुई है। शादी के छह माह बाद ही अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करने लगे। वह विरोध करती तो उसका सामान फेंकने के साथ ही घर से बाहर निकाल देते हैं। पति भी ससुरालीजन का ही साथ देते हैं। दो माह पहले ससुर ने उसके एक साल के पुत्र को जबरन शराब पिला दी। शराब पीने के बाद बेटे की तबीयत बिगड़ गई वह बेहोश हो गया। बेटे की हालत को देख जब विरोध करते हुए शराब पिलाने की वजह पूछी तो उसे घर से निकाल दिया गया। तभी से वह अपने मायके में रह रही है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है।

## संपादकीय Editorial

### Sudhir Sharma's accuracy

The days and months of power will pass like this, they will be remembered only when the concerns are drowned. The Congress government has built so many forts in its efforts to complete almost one year of its existence and it is also a reality that the upcoming Lok Sabha elections will pass through the lap of power. However, while paragliding is taking off in the Pre-World Accuracy Competition in Narwana, the wings of politics are also flying because the mention is being made about the MLA who was once an important role and powerful minister in the Virbhadra government. Sudhir Sharma, who was the MLA of Baijnath before Dharamshala, is known for his vision. Today, Beed-Billing paragliding has global recognition, so it is the result of the vision of this MLA. This experiment of tourism economy is now coming down from Beed-Billing and touching Narvana, so why not consider it as Sudhir Sharma's vision accuracy. A few months of hard work made Narwana a paradise for paragliding, this discovery can be confirmed from various aspects of every assembly constituency. Divya Himachal has been advising the development of at least one tourist village in every assembly constituency for the last two decades to make Himachal a tourist state. These tourist villages are responsible for various departmental activities, somewhere eco tourism with forest resources, somewhere religious tourism with temples and gurudwaras, somewhere adventure tourism with trekking or water sports, somewhere agro tourism with farming and gardening, somewhere with art and culture. 68 tourist villages can be developed in the form of art tourism, highway tourism and haat bazaar to support the rural economy. If our ravines develop a permanent structure of water supply-irrigation as well as flood control and channelization with small dam projects, then this water will make tourism nectar. The area can be transformed into a tourist village with entertainment ranging from boating to canoeing.

However, this mention here connects with the concerns of Sudhir Sharma. There must have been politics, otherwise the seniority of this MLA would have been visible in the state cabinet. It is possible that Sudhir will continue to be an MLA, but as an MLA, he will have to hand over the throne of his performance to the people. Apart from political leadership, people have been giving effect to their intentions in social leadership. If the quality of this MLA is making Narwana shine today due to his developmental approach, then Sudhir had once woven the blueprint of sky bus in Chamunda-Mcleodganj and airport network and had connected Mcleodganj through ropeway. The surprising thing is that the previous government sowed such thorns in the state's first tulip garden, built seven years ago, that even today there is a haunted atmosphere there. The satellite town in Narghota was destroyed due to political reasons and the foundation of the Central University in Jadrangal has started being auctioned. If the government is unable to deposit even Rs 30 crore despite all the no-objections and approvals received in the last few months, then the birds of Narwana can know the weather news till Jadrangal. How disgusting is politics that finds reasons to be one-sided. For example, if Vankhandi Zoo is a suitable site, it is also because of its proximity to Pong Wetland. The Dehra campus of Central University in the middle of Pong Wetland may change the language of migratory birds, but by ignoring Jadrangal, the Congress government is fulfilling Anurag Thakur's dream. Well, this is the political outlook of Himachal which does not allow leadership to flourish from Kangra. In the end, Virbhadra Singh also took charge and after the assembly complex in Tapovan, winter session and winter stay.

# From the pages of Sanskriti: This is how Ganesh broke Kuber's ego

Kuber agreed. He reached his golden city Lanka taking Ganesha with him. He showed Ganesha many wonderful objects made of gold. Ganesh got bored looking at the gold. He felt hungry. When a person is hungry, he does not want gold but food! After becoming the god of wealth and the king of Lanka, Kuber's dominance had increased a lot. Opulence is the father of pride. Kuber became arrogant that he could satisfy anyone with his immense wealth. Once he reached Kailash and invited Shiva and Parvati to accept hospitality. Shiva and Parvati understood that Kuber wanted to display his glory. He said, 'We have some urgent work; If you wish, make our son Ganesha a guest.' Kuber agreed. He reached his golden city Lanka taking Ganesha with him. He showed Ganesha many wonderful objects made of gold. Ganesh got bored looking at the gold. He felt hungry. When a person is hungry, he does not want gold, he wants food! Kuber got a seat installed for Ganesha. The servants brought food in a plate for Ganesh. Here the servant placed a plate full of food in front of Ganesha, on the other hand Ganapati emptied the plate and said, 'What will be the use of so much food? I am hungry. Bring more food!' This time the servant returned with double the food in a bigger plate. After eating it, Ganesh started looking at the servant. The servant brought more food... and then he just kept on bringing it! Kuber explained to Ganesha – 'Vatsa, eating too much causes stomach upset. You should not eat any more.' Ganesha sarcastically said, 'Is it possible that the God of Wealth does not have enough food to feed the child?' When his ego was hurt, Kuber said, 'Kuber, the stomach for the whole world. Can fill! Eat…I will also see how much you can eat!' Ganesh smiled and sat down to eat. Kuber's servants got tired of cooking and serving food, but Ganesha was not satisfied. Ganesh alone ate the food of hundreds of people. When Kuber's grain store started getting empty, he realized that there was something black in the pulses. He hesitantly asked Ganesh, 'My store has become empty. What should I feed now?' Looking at Kuber's golden posture, Ganesh said, 'What if there is no food? You have a lot of gold! Ever since I came, you have been showing me only gold. Now I will fill my stomach with that.' Ganesh chewed the base of Kuber's throne. The throne wobbled and rolled to one side. Kuber folded his hands. But in that time Ganesh had chewed many other things. Kuber's hands and feet became cold. He ran to Kailash and pleaded in front of Shiva and Parvati, 'Ganesha has emptied my granary but his hunger has not been satiated. Now he is chewing on the gold-plated precious objects of the palace. I have understood that you and Ganesh had created this leela to remove my ego. I am ashamed.' Then Parvati gave a handful of rice to Kuber and said, 'Ganesha does not like arrogance. Serve this rice politely to Ganesha. His hunger will be satisfied.' Kuber reached Lanka with rice. By then Ganesh had eaten many other things. He immediately cooked rice and offered it to Ganesha with respect. As soon as Ganesh ate the rice, he belched loudly and stood up. 'Wow! Now I am satisfied!' Ganesh said, 'My stomach is full, Dhanraj Kuber. Now you take me back to my parents.' 'But...my throne...and other precious things...' Kuber said hesitantly. 'Ha! Ha!!' Ganesh laughed. 'Don't worry about them. Anyway, I cannot digest the food prepared with ego!' Hearing this, Kuber became very upset. When Kuber left child Ganesha in Kailash and returned, he found all his belongings and his throne safe and sound. And, a lesson too!

# Philosophy: The magical feeling is to be happy in the happiness of others.

People say that love is blind. But, love towards loved ones is not blind, but alert. When you are feeling weak, this love feels you, waits for you, consoles and even forgives. Janapavade satatam nivishtham. Matangamunmatamivonandantam tyajet tan shvanamivatiraudram. That is, the one who is always ready to criticize people is a wolf living in the house of a human being. He always remains restless. Screams like a drunk elephant and runs to bite like a very fierce dog. The best man should abandon her forever. Shanti Parva 114/17 (Admonition of Grandfather Bhishma to Yudhishthira) When I was asked to speak in front of the new graduate students of Arizona State University, I was very excited. Anyone who has talked to college students will be aware of how difficult it is to be a young adult today due to the rising rates of depression, mental problems, and even suicidal tendencies. There are two emotions visible at any graduation ceremony. The glowing faces of the graduating students that they worked hard and achieved an achievement. On the other hand, these youth have family and friends, who are in a different sense of joy. They are not thinking about themselves. Their happiness comes from seeing the happiness on their beloved's face, their glow, the progress of their journey and their perfect personality. It is natural to be happy on your victory. But you dance on the achievements of others only when your heart is tied to someone. This feeling comes from years of changing diapers, teaching driving, worrying at night, dancing in the kitchen, playing in the yard, and countless moments spent together. People say that love is blind. But, love towards loved ones is not blind, but alert. When you are feeling weak, this love feels you, waits for you, consoles and even forgives. Italian novelist Cesare Pavese writes, 'You will be loved, but on the day when you will show your weakness without the other person showing your strength.' In the artificial age of social media, it is more important to maintain emotional honesty while avoiding unnecessary display. A friend of mine, Katherine Bailey Cox, once told me that when her first daughter was born, she realized that she loved her more than her natural needs for development. I liked this sentence of Catherine very much, because it reflects both humanity and sensitivity. Actually, some things we biologists do to meet needs. We do some things to pay the rent of a shop or a house. But these are only material motivations, which do not convey the emotion that our soul feels when we see a loved one achieve something. Such moments are rare in life, but this feeling of being with someone at a deep level of affection is magical.

## World Cup 1983: Watching the Cricket World Cup in those days was no less than a big struggle.

West Indies, England, Australia and Pakistan were counted among the most powerful teams in the 1983 World Cup. The situation in India was similar to that of Bangladesh and Afghanistan these days. India was a Test playing country and cricket was growing rapidly here. Jayanti Prasad, retired from Bank Note Press, Dewas, still remembers how he used to watch the Cricket World Cup 1983 matches on television in his community centre. In the year 1982, Asian Games were held in India and apart from black and white, color television had also arrived. However, television access was limited to a very limited number of people. Jayanti Prasad says that most of the people used to get updates by listening to the commentary of the match on the radio. At that time, the fans had the same passion for cricket as they do these days. Cricket lovers used to find tricks from somewhere to know the status of the match. India's performance in the Cricket World Cup in 1975 and 1979 was something like this - Actually, India's performance in the Cricket World Cup in 1975 and 1979 was not that good, But an atmosphere had definitely been created in the country regarding cricket. Indian cricket fans did not have much hope from the 1983 team that India would perform any big miracle, but they kept an eye on the matches. At that time, BBC used to broadcast the matches and matches were watched on Doordarshan in India. Jayanti Prasad tells that there used to be a lot of craze among the people about players like Kapil Dev, Sunil Gavaskar, Chetan Chauhan, Mahendra Amarnath, Madanlal. Indian cricket lovers wanted to see captain Kapil Dev playing. Like today, there were not TVs in every home - West Indies, England, Australia and Pakistan were counted among the most powerful teams in the 1983 World Cup. The situation in India was similar to that of Bangladesh and Afghanistan these days. India was a test playing country and cricket was growing rapidly here. Anil Sharma, who retired from Defense Accounts Service, says that a black and white TV had arrived at his house. Apart from him, his elder brother, many people of the locality also used to gather at home to watch the matches. In those days, watching black and white TV was no less than a struggle, because high antennas were installed and if the antenna shook in between, the broadcast of the match would be cut off. A person used to stand on the roof to adjust the antenna. Anil Sharma recalls that on the day of the final match, he was coming to Delhi from Mhow (MP). There was a strange uneasiness in him about knowing the score. After a lot of searching, a radio was found with a person in the train. When he came to know that the Indian team was out for only 183, he was disappointed, because the score of 183 was nothing in front of West Indies, but as soon as West Indies' wickets started falling, he became confident that India would win the Cup. Could. Even before reaching Delhi, India had won the World Cup. Anil Sharma says that people who were interested in cricket in that period were worried about the score of the match because there was a lack of resources. A few houses had televisions. People from the entire neighborhood used to gather there. People also remained glued to the radio. Many times India's victory or defeat was known only after a long time. Later, when Doordarshan showed the glimpses of the final of the 1983 World Cup, he and cricket lovers like him used to get thrilled after seeing them. The thrill was different then - India was in Group B in the World Cup 1983. Group B also had West Indies and Australia. At that time matches were of 60 overs. India played two matches each against West Indies and Australia. Had won one match each and lost one match each. Jayanti Prasad recalls that cricket lovers were happy with India's performance in the group matches and as the World Cup progressed, the number of people watching and listening to cricket was also increasing. During that time, radio and television sales started increasing. The circulation of newspapers also increased. India played its first semi-final with host England. Everyone's heartbeat was high because the England team was very strong. India's victory over.

# जयंती पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कांग्रेसियों ने किया नमन




मुरादाबाद- जयंती पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद व अन्य पदाधिकारीजयंती पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद व अन्य पदाधिकारीजिला कांग्रेस कमेटी की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को उनकी 106वीं जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रविवार को पार्टी के गुरहट्टी स्थित कार्यालय पर कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन किया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा को सशक्त भारत के नींव की ईंट बताया। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में इंदिरा इज इंडिया का खिताब उन्हें मिला था।

अन्य वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तानी सेना को घुटनों के बल लाकर उसके दो टुकड़े कर दिए जाने, पंजाब में आतंकवाद के खात्मे व बदले में उनके बलिदान को अविस्मरणीय बताया। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को सभी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पीसीसी अनूप दुबे, उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक, अल्पसंख्यक के अफजल साबरी, मुशाहिद चौधरी, राजेन्द्र वाल्मिकी, भयंकर सिंह, गंगाराम शर्मा, केशव सरन, शहजाद खां, अरविंद चौहान, दर्शन लाल, असलम मुकरी, बन्ने पहलवान, फिरोज चौहान, मंगलसेन, रईस खां, सुरेश सक्सेना, जितेंद्र सागर, वसीम, मुनीफ़ तुर्की समेत कई नेता मौजूद रहे।

# वर्ल्डकप फाइनल में टीम इंडिया की जीत के लिए दुआओं की, कहा...जीतेगा भारत



मुरादाबाद- आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 में टीम इंडिया की जीत का सिलसिला लगातार जारी है।

10 मैच जीतकर टीम इंडिया फाइनल में पहुंच गई है। आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया और टीम इंडिया के बीच खिताबी मुकाबला खेला जा रहा है। जिसका पूरे देशवासियों को टीम इंडिया की जीत का बेसब्री से इंतजार है। इस वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का सफर अब तक शानदार रहा है। टीम इंडिया के वर्ल्ड कप फाइनल जीतने के लिए पूरी दुनिया में प्रार्थनाओं और दुआओं का दौर जारी है। सभी लोग अपने-अपने तरीके से इस उम्मीद से प्रार्थना कर रहे हैं कि टीम इंडिया इस बार फ़िर वर्ल्ड कप फाइनल जीतेगी। मुरादाबाद में ऑल इंडिया खानकाही एकता मिशन के उलेमा

हजरत ने मिलकर टीम इंडिया की कामयाबी के लिए दुआ की। इस मौके पर ऑल इंडिया खानकाही मिशन के तमाम सूफी व उलेमा हजरत शामिल रहे और उन्होंने हाथ उठाकर दिल से टीम इंडिया की जीत की दुआएं की।

# फोन पर बेटी से बोला पिता- परिवार से बहुत परेशान हूं... खुदकुशी करने जा रहा हूं; तालाब किनारे मिला ये सामान



मुरादाबाद- मुरादाबाद में एक शख्स ने बेटी को फोन करके कहा कि मैं परिवार से परेशान हूं। तालाब में डूबकर आत्महत्या करने जा रहा हूं। आनन-फानन परिवार और पुलिस तालाब के किनारे पहुंचे तो वहां कपड़े और मोबाइल मिला। मुरादाबाद के पाकबड़ा थाना इलाके के भाड़ला गांव निवासी 60 वर्षीय रमेश ने शुक्रवार की रात बेटी को फोन करके कहा मैं परिवार से परेशान हूं। तालाब में डूब कर आत्महत्या करने जा रहा हूं। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस तालाब किनारे पहुंची तो रमेश के कपड़े और मोबाइल मिल गया लेकिन पूरा दिन तलाश करने के बाद उसका सुराग नहीं लगा। पीएसी और गांव के गोताखोर उसकी तलाश करते रहे है लेकिन नहीं मिला है। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के भाड़ला गांव निवासी रमेश मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। पत्नी विमला की मौत हो चुकी है। परिवार में तीन लड़के और चार लड़कियां हैं। बेटे हेमराज ने बताया की शुक्रवार की रात करीब साढ़े आठ बजे के आस पास पिता ने मेरी बहन सीमा को फोन कर कहा कि वह गांव के वह तालाब में डूबकर मरने जा रहे हैं। ये सुन सीमा के होश उड़ गए। उसने अपने भाइयों को इसकी जानकारी दी। बेटों ने पिता से फोन पर बात की। तब रमेश ने एक ही बात कही। मैं मरने जा रहा हूं। बच्चों ने अपने पिता को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन रमेश ने किसी की बात नहीं मानी। इसके बाद फोन काट दिया। रात भर बच्चों ने काफी तलाश की, लेकिन सफलता नही मिली। शनिवार की सुबह पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। वहां पर रमेश के कपड़े और मोबाइल मिला। पुलिस ने पाइप लाइन मोटर के जरिए तालाब का पानी निकलवाया। तालाब लगभग पंद्रह फीट गहरा है। वहीं रमेश के बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। देर रात पुलिस और ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही लेकिन रमेश का कोई सुराग नहीं लग पाया। थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया की रविवार को गाजियाबाद से तीन गोताखोर बुलाए गए हैं। रविवार को दोबारा से जांच की जाएगी।

# बड़ा है इम्तिहान... साथ खड़ा है हिंदुस्तान, मुरादाबादवासी बोले-फतह कर दो मैदान



मुरादाबाद- विद्यार्थियों से लेकर शहर के तमाम धार्मिक स्थलों पर लोगों ने अपने-अपने तरीके से भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थना की। मनोकामना मंदिर, ऋणमुक्तेश्वर मंदिर में विशेष आरती व जाप किया गया। सुल्तान मियां की दरगाह पर चादरपोशी की गई।ऐ नीली जर्सी वालों, 130 करोड़ सपनों के रखवालों। लहरा दो तिरंगा शान से, एक बार फिर विश्वकप उठा लो। माना कि इम्तिहान बड़ा है लेकिन तुम्हारे साथ पूरा हिंदुस्तान खड़ा है। केबीसी के मंच पर महानायक अमिताभ बच्चन द्वारा पढ़ी गईं ये पंक्तियां मुरादाबाद के हर क्रिकेट प्रेमियों की जुबान पर हैं। विश्वकप फाइनल से पहले शहर में दुआओं का दौर रहा।विद्यार्थियों से लेकर शहर के तमाम धार्मिक स्थलों पर लोगों ने अपने अपने ढंग से भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थना की। मनोकामना मंदिर, ऋणमुक्तेश्वर मंदिर में विशेष आरती व जाप किया गया। सुल्तान मियां की दरगाह पर चादरपोशी की गई। मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज के मैदान में मसीही समाज के लोगों ने प्रार्थना की।

वहीं गुरुद्वारा सिंह सभा में सिख संगत ने विशेष अरदास की। शहर के तमाम घाटों पर छठ पर्व मना रही व्रतियों ने भी टीम की जीत के लिए छठी मईया से कामना की। इबादत का तरीका बेशक अलग था लेकिन उद्देश्य एकमात्र था। विश्व कप फाइनल में भारत की जीत।

## भारत के विजयी होने पर निकलेगी विजय यात्रा

कांशीराम नगर वासियों द्वारा विश्वकप क्रिकेट में भारत के विजेता होने पर विजय यात्रा निकालने की योजना तैयार की। पदाधिकारियों ने बताया कि कई सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा के साथ जी ब्लॉक आर्य नगर से गौतम बुद्ध पार्क तक विजय यात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारी के लिए आर्य नगर में बैठक हुई। इसमें रमेश सिंह आर्य, नरसिंह गंगवार, रविराय, नरेश खटीक, राजकुमार शंखवार, डॉ फूलसिंह, निखिल कुमार, गोलू कुमार आदि रहे।

## ट्रॉफी के लिए मुंबई से मिले ऑर्डर

विश्वकप के चलते ट्रॉफी का भी क्रेज बढ़ गया है। शहर के एक निर्यातक को विश्वकप से मिलती जुलती ट्रॉफी बनाने का ऑर्डर मुंबई से मिला है। विश्वकप क्रिकेट मैच में भारत ने विश्व की सभी प्रमुख टीमों को हटाकर देशवासियों का दिल जीत लिया है। अब विश्वकप का फाइनल रविवार को होगा। कई प्रदेशों के खेल आयोजक विश्वकप से मिलती जुलती ट्रॉफी का आर्डर दे रहे हैं।

शहर के प्रमुख ट्रॉफी निर्माता गुप्ता इंडस्ट्रीज के पार्टनर नीरज गुप्ता ने बताया उनको विश्वकप से मिलती जुलती ट्रॉफी के ऑर्डर मुंबई से मिले हैं। इसी कारण वह काफी संख्या में ट्रॉफी तैयार करा रहे हैं।

# पशु तस्करों से पुलिस की मुठभेड़, गोली लगने से एक आरोपी मौके पर ही ढेर, दूसरा अस्पताल में भर्ती



मुरादाबाद- रामपुर जिले के पटवाई में पशु तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें एक आरोपी की गोली लगने से मौत जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अफसर आरोपी से पूछताछ कर रहे हैं। शनिवार की देर रात पटवाई पुलिस को मुरादाबाद से कुछ पशु तस्करों के आने की जानकारी मिली। पटवाई इलाके में हुई मुठभेड़ के दौरान आरोपियों का वाहन पलट गया। इसके बाद उन्होंने बचने के लिए पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी मारा गया। इसके बाद पूरे इलाके में चेकिंग शुरू कर दी गई। मुरादाबाद से शाहाबाद की तरफ तेज गति से आ रही गो तस्करों की गाड़ी पुलिस को देखकर वापस भागने लगी। पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो आरोपियों की गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गई।

पुलिस ने घेराबंदी कर दो बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने टीम पर फायरिंग कर दी गई। पुलिस की फायरिंग में दोनों बदमाशों के टांग में गोली लगी। इससे वह घायल हो गए। दोनों को रामपुर के जिला अस्पताल में उपचार के लिए भिजवाया गया।

जहां चिकित्सकों ने एक आरोपी साजिद (23) पुत्र जाहिद निवासी कर्बला थाना कुंदरकी को मृत घोषित कर दिया। दूसरा घायल बबलू (30) पुत्र जमील निवासी थामला थाना बिलारी का उपचार चल रहा है। बताते चलें की बीती 12 नवंबर दिवाली की रात पटवाई थाना क्षेत्र के डोहरिया गांव में तीन पशुओं की जान ले ली गई थी। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई थी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# कक्षा 9 की छात्रा से छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार



मुरादाबाद/पाकबड़ा- कक्षा 9 की छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। छात्रा ने छेड़छाड़ के डर से ट्यूशन जाना छोड़ था। थानाक्षेत्र के एक गांव में युवक ने कस्बे के इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा का ट्यूशन जाना दुश्वार कर दिया था। छात्रा अपने गांव से रोजाना पाकबड़ा स्कूल एवं ट्यूशन पढ़ने के लिए आती थी। युवक उसके साथ रोजाना छेड़छाड़ करता था। छेड़छाड़ से तंग आकर छात्रा ने ट्यूशन जाना ही छोड़ दिया था। डरकर वह घर बैठ गई और उदास रहने लगी। भाई दूज के त्योहार उसने अपने भाई से अपनी रक्षा का बचन मांगा था। कहा कि भाई या तो मुझे मौत दे दो या फिर विशाल पुत्र जसराम निवासी पाठ वाली मिलक को जेल भिजवा दो। वह मुझे रोजाना रास्ते में छेड़ता है। जब मैं ट्यूशन पढ़ने जाती हूं और जब वापस घर आती हूं। दोनों बार वह मुझे कहीं ना कहीं रास्ते में बीच में मिल जाता है। मेरे साथ बदतमीजी करने लगता है। कई दिनों से लगातार यह होने पर मैंने ट्यूशन जाना छोड़ दिया। वह यहीं पर नहीं रुका स्कूल आते-जाते समय भी वह मुझे रास्ते में मिलने लगा है। तब जाकर छात्रा के भाई की ओर से आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने उसको रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## यूपी में स्कूल के बच्चों ने बनाई वर्ल्ड कप की प्रतीकात्मक ट्रॉफी, भारत की जीत का सबको इंतजार



बच्चों के मेंटर और सहायक शिक्षक राजीव मौर्य ने बताया कि बच्चों में विश्वकप को लेकर काफी उत्साह है, उन्होंने जीत के लिए ईश्वर से दुआएं की है। रविवार को ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच होने वाले विश्वकप फाइनल मुकाबले को लेकर जिले में हर तरफ लोगों में खुमार दिख रहा है। इसी क्रम में शनिवार को मुहम्मदाबाद गोहना के माहपुर स्कूल में भारत की जीत को लेकर स्कूली बच्चों ने दुआएं की है। बच्चों ने न केवल प्रार्थना की बल्कि उनके द्वारा प्रतीकात्मक ट्राफी भी बनाई गयी।बच्चों के मेंटर और सहायक शिक्षक राजीव मौर्य ने बताया कि बच्चों में विश्वकप को लेकर काफी उत्साह है। उन्होंने जीत के लिए ईश्वर से दुआएं की हैं। इस अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय माहपुर मुहम्मदाबाद गोहना-मऊ के बच्चों के द्वारा टीम इंडिया को विश्व कप फाइनल में विजेता बनने के लिए हौसला अफजाई की गई। विद्यालय के बच्चे साबरीन, लाडो, नायरा, दीक्षा, आयत आदि बच्चों ने 4 फूट का विश्वकप बनाया सभी स्टाफ़ ने आशीर्वाद दिया। प्रधानाध्यापक प्रेम शंकर तिवारी, अभिषेक सरोज, नीलमा यादव,गौतम, रामा राम, प्रियंका राय व राजीव आदि ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

## 'जीतेगा भाई जीतेगा हिंदुस्तान जीतेगा': टीम इंडिया की जीत के लिए खिलाड़ियों की तस्वीर के साथ मां गंगा की आरती



नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि महान भारत बनाने के लिए केवल खिलाड़ी ही नहीं बल्कि भारत के हर व्यक्ति को जीत की भावना से खड़ा होना है।काशी के पौराणिक सिंधिया घाट के गंगा तट पर नमामि गंगे व महर्षि योगी वेद विद्यालय के वेदपाठी बटुकों ने टीम इंडिया की जीत के लिए गंगा आरती का आयोजन किया। इस दौरान भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थना की गई। हमारी टीम अब तक जीती है आज भी जीतेगी आगे भी जीतेगी इस भाव से उनको शक्ति मिले उनको ऊर्जा मिले उत्साह बना रहे%..ऐसी प्रार्थना की गई। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों की तस्वीर के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राष्ट्रध्वज तिरंगा लेकर मां गंगा की आरती उतारी गई। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी काशी से भारतीय टीम को संदेश दिया गया कि पूरा भारत उनके साथ है। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि महान भारत बनाने के लिए केवल खिलाड़ी ही नहीं बल्कि भारत के हर व्यक्ति को जीत की भावना से खड़ा होना है। भारत जीतेगा इस स्प्रिट के साथ पूरा विश्वास है नमो स्टेडियम में नमो भारत जीतेगा। जीतेगा भाई जीतेगा हिन्दुस्तान जीतेगा के जय घोष से हमने मां गंगा से प्रार्थना की है। आयोजन में प्रमुख रूप से नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन से अथर्वराज पांडेय, महानगर सहसंयोजक सरिका गुप्ता, महानगर सहसंयोजक सीमा चौधरी, सोनू जी, पंकज कुमार अधिवक्ता दिल्ली हाई कोर्ट, पिंटू शर्मा, संजय गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में नागरिक गण मौजूद रहे।

## विश्व में आज से पहली बार एक करोड़ शिवलिंग का अर्चन, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में हो सकता है दर्ज




विजयानंदनधा गुरु सेवा समिति के अध्यक्ष रामचंद्र साईं व डॉ. वेंकट के गंजम ने यह जानकारी प्रेसवार्ता में दी। आयोजन में शंकराचार्य, नौ पीठाधीश्वर सहित 20 हजार भक्त शामिल होंगे। उन्होंने दावा किया कि विश्व में इतना बड़ा आयोजन पहली बार काशी में होने जा रहा है।कार्तिक मास में पहली बार विश्व में एक करोड़ पार्थिव शिवलिंग का अर्चन किया जाएगा। साथ ही नवरत्न, नवधान्य और बाणलिंग का भी पूजन होगा। विश्व कल्याण और धर्म रक्षा के लिए नौ दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने की तैयारी है। 19 से 27 नवंबर तक यह अनुष्ठान शिवाला घाट स्थित चेतसिंह किले में होगा।विजयानंदनधा गुरु सेवा समिति के अध्यक्ष रामचंद्र साईं व डॉ. वेंकट के गंजम ने यह जानकारी प्रेसवार्ता में दी। आयोजन में शंकराचार्य, नौ पीठाधीश्वर सहित 20 हजार भक्त शामिल होंगे। उन्होंने दावा किया कि विश्व में इतना बड़ा आयोजन पहली बार काशी में होने जा रहा है। इस करोड़ पार्थिव शिवलिंग को हैदराबाद की पांच हजार महिलाओं और पांच हजार अन्य शिष्यों ने देश भर के 58 केंद्रों पर तैयार किया है। 10 हजार लोगों की टीम ने पांच महीने में इस काम को पूरा किया। इस आयोजन को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल करने के लिए टीम को वाराणसी आमंत्रित किया गया है। अनुष्ठान के बाद इन शिवलिंगों को देश भर के एक करोड़ परिवारों तक पहुंचाया जाएगा। डॉ. गंजम ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार काशी वह स्थान है जहां शिवलिंग पहली बार स्थापित किया गया था। काशी के हर शिवलिंग की अपना एक अलग ही महत्व है। हैदराबाद से एक करोड़ पार्थिव शिवलिंग को निर्मित करके काशी लाया गया है।

## चोरी हुये ट्रैक्टर ट्रॉली व 253 सीमेन्ट बोरी ( कीमत करीब 08 लाख रुपये ) व 02 आयशर कैन्टर सहित 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा -थाना सकीट पुलिस को मिली सफलता, चोरी हुये ट्रैक्टर ट्रॉली व 253 सीमेन्ट बोरी ( कीमत करीब 08 लाख रुपये ) व 02 आयशर कैन्टर सहित 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्री विनोद कुमार पाण्डेय तथा अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना सकीट पुलिस द्वारा चोरी किये हुये ट्रैक्टर ट्राली, 253 सीमेन्ट की बोरी ( कीमत करीब 08 लाख रुपये ) व 02 आयशर कैन्टर सहित 03 अभियुक्तों को आज दिनांक 18.11.2023 को समय करीब 08-10 बजे गिरफ्तार कर थाना सकीट पर मुअस0 282/23 धारा 411/414 भादवि0 पंजीकृत करते हुए थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। नोट- उक्त ट्रैक्टर ट्रॉली को 400 बोरी सीमेंट सहित जनपद कासगंज से चोरी किया गया था, जिसके संबंध में दिनांक 14.11.2023 को थाना कासंगज जनपद कासंगज पर मुअस0 793/23 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया था। गिरफ्तार अभियुक्तों से की गयी पूछताछ में तीन अभियुक्त प्रकाश में आये हैं, जिनकी गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं।

## एटा पुस्तक मेला 7 से 10 दिसम्बर तक होगा-ज्ञानेन्द्र रावत




क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा -आगामी दिसम्बर माह में 7 से 10 दिसम्बर तक स्व0 ब्रजपाल सिंह यादव की स्मृति में होने वाला पुस्तक मेला राजकीय इंटर कालेज, एटा के प्रांगण में आयोजित किया जायेगा। पुस्तक मेला की तैयारी समिति की एक आवश्यक बैठक कालेज के पूर्व छात्र वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरणविद एवं राष्ट्रीय पर्यावरण सुरक्षा समिति के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र रावत की अध्यक्षता में कालेज के स्काउट गाइड के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मेले के आयोजक एवं समिति के संयोजक ए आर एम मैनपुरी संजीव यादव ने बताया कि मेले में आने वाले विशिष्ट अतिथियों में मैगसैसे से सम्मानित प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता श्री संदीप पाण्डेय, पद्मश्री राजा लक्ष्मण सिंह व पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय, विश्व जल परिषद के सदस्य पर्यावरणविद डा0 जगदीश चौधरी, प्रख्यात पत्रकार एवं नदी जल विशेषज्ञ सिद्धू कान्हू स्मृति राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित पंकज चतुर्वेदी, ग्राफिक इरा यूनीवर्सिटी की प्रोफेसर व उत्तराखण्ड में प्लास्टिक विरोधी अभियान की प्रमुख अनुपम मिश्र स्मृति राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित पर्यावरणविद डा0 अनुभा पुंढीर, बाबा आमटे स्मृति पर्यावरण भूषण सम्मान से सम्मानित एस डी एम शामली मांगेराम चौहान, एडीजीपी अजय चौधरी व लोक सेवा आयोग के सदस्य रहे मेजर संजय यादव आदि प्रमुख हैं।

मेले का उद्घाटन 7 दिसम्बर को जिलाधिकारी एटा श्री प्रेम शंकर सिंह, एडीजीपी श्री अजय चौधरी व संयुक्त शिक्षा निदेशक श्री मनोज कुमार गिरि द्वारा किया जायेगा। मेले के सह संयोजक अनूप दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली, मेंहदी, पोस्टर, पेन्टिंग, गीत, संगीत, नृत्य, वादन प्रतियोगिता के अलावा गांधी के ट्रस्टीशिप के सिद्धांत और पर्यावरण पर संगोष्ठी का आयोजन, हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले जनपद के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत, साहित्य व कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा व साधनहीन छात्रों को समाज द्वारा निशुल्क पुस्तकें प्रदान की जायेंगीं। बैठक में सर्वोदय इंटर कालेज के प्राचार्य विजय मिश्र, वसुंधरा के प्राचार्य राजू राम रतन, प्राचार्य मनोज तिवारी, पूर्व प्राचार्य महावीर सिंह यादव, फुटबाल संघ के अध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी,सचिव राजीव यादव, उप जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज श्रीवास्तव, उप पंचायत राज अधिकारी चौधरी नरेन्द्र सिंह यादव ,मनीष दुबे, राजीव वर्मा, संजय शर्मा, डा0 सुधीर गुप्ता, शैलेन्द्र गुप्ता,डा0 डी के सिंह, शिवकुमार द्विवेदी,भारत वीर वर्मा, विश्रांत कुलश्रेष्ठ, प्रभात ललित नौक्स, सत्येन्द्र कश्यप व सेवाराम सहित पूर्व छात्रों की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय थी।

## अलीगढ़ के जसरथपुर में बैठकर 11 दिसंबर की महापंचायत में एटा आने का न्योता दिया



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा -जनपद अलीगढ़ के जसरथपुर में बैठकर 11 दिसंबर की महापंचायत में एटा आने का न्योता दिया अकराबाद में कार्यकेताओ ने भव्य स्वागत किया सर्वप्रथम अकरावाद में कार्यकृताओ ने भव्य स्वागत किया उसके पश्चात अखिल भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जनपद अलीगढ़ के जसरथपुर में बैठक आयोजित कर विभिन्न साथियों से मुलाकात कर संगठन में क्रांतिकारी साथियों को सक्रिय करते हुए संगठन में विशेष आस्था रखने वाले साथियों संगठन में पदाधिकारी नियुक्त किया गया साथ ही संगठन विस्तार पर जोर देते हुए कई लोगों को पदाधिकारी नियुक्त करते हुए सभी साथियों को भ्रष्टाचार अत्याचार अन्याय के खिलाफ एटा कचहरी स्थित धरना स्थल पर 11 दिसंबर 2023 को हो रही किसान महापंचायत में सभी साथियों के साथ आने का न्योता दिया जिस पर सभी ने सहमति व्यक्त करते हुए पूरी ताकत के साथ आने का वायदा किया।

